# फतेहगढ़ पुलिस

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**Meticulous Investigation & Prosecution**

**#OperationConviction**

**थाना नवाबगंज**

**मिशन शक्ति 5.0**

**दि0-18.03..2026**

श्रीमान पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश महोदय द्वारा चलाये जा रहे "ऑपरेशन कनविक्शन" अभियान व " मिशन शक्ति 5.0 " के दृष्टिगत महिला संबंधी अपराधों में प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारो को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था।

अभि0गण 1.नरवीर पुत्र रामनिवास 2.नरेन्द्र पुत्र रामनिवास निवासीगण वसन्तापुर थाना नवावगंज जिला फर्रुखाबाद 3. अवधेश पुत्र माधोराम निवासी गण नगला धोवियान थाना नवावगंज जनपद फर्रुखाबाद मु0अ0स0 263/2014 वाद संख्या-36/2015 धारा 323,376,452,506 भा0द0वि0 व 3(2)V एससी/एसटी एक्ट थाना नवावगंज जनपद फतेहगढ में पंजीकृत हुआ था जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त गणों के विरूद्ध मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।

फतेहगढ़ पुलिस टीम/मानीटरिंग सेल एवं अभियोजन पक्ष तथा कोर्ट पैरोकार /कोर्ट मोहर्रिर के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुए *दिनांक 18.03.2026 को मा0 न्यायालय एडीजे द्वितीय एससी/एसटी एक्ट फर्रूखाबाद द्वारा अभि0 गणों को दोषसिद्ध कर प्रत्येक को 10-10 वर्ष का कारावास की सजा व प्रत्येक को 01 लाख 10 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।*

एडीजीसी श्री कृष्णकुमार पाण्डेय

एडीजीसी- श्री अनुज कटियार

को0 मो0 हे0का0 प्रमोद कुमार

पैरोकार का0 कृष्णवीर सिंह

आपकी यात्रा मंगलमय हो

# फतेहगढ़ पुलिस

## प्रेस नोट- कोतवाली फर्रुखाबाद

## कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्रांतर्गत हुए विस्फोट की घटना के सम्बन्ध में प्रचलित पुलिस कार्यवाही

दिनांक 17.03.2026 समय करीब शाम 07.30 बजे पूर्व विधायक विजय सिंह के मोहल्ला नाला मछरट्टा थाना कोतवाली फर्रुखाबाद जनपद फतेहगढ़ स्थित आवास पर संदिग्ध परिस्थितियों में आवास के बेसमेंट में ब्लास्ट हो गया था। ब्लास्ट के कारण मकान का निचला हिस्सा व रखा सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया है। सूचना पर तत्काल कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस बल द्वारा मौके पर पहुंच कर उच्च अधिकारीगणों को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। ब्लास्ट में कुल 06 लोगों को चोटें आई है। 01. अविनाश उर्फ विक्की पुत्र विजय सिंह उम्र करीब 38 वर्ष 02. अभिषेक उर्फ सिक्की पुत्र विजय सिंह उम्र करीब 35 वर्ष 03. इशू चौरसिया पुत्र घनश्याम चौरसिया उम्र करीब 29 वर्ष उपरोक्त निवासीगण मोहल्ला नाला मछरट्टा कोतवाली फर्रुखाबाद जनपद फतेहगढ़ 04. रामवीर यादव पुत्र अजय राज उम्र करीब 60 वर्ष निवासी रेलवे स्टेशन थाना कोतवाली फर्रुखाबाद। उपरोक्त सभी भारत हॉस्पिटल साहिबगंज चौराहा फर्रुखाबाद में एडमिट है 05.रासु मिश्रा पुत्र वीरेंद्र निवासी मित्तू कूंचा थाना कोतवाली फर्रुखाबाद उम्र करीब 35 वर्ष लोहिया हॉस्पिटल फतेहगढ़ में एडमिट है। 06. भैयालाल पुत्र हरिकिशन निवासी नूरपुर जस्मई थाना मऊदरवाजा उम्र करीब 40 वर्ष रीजेंसी हॉस्पिटल कानपुर रेफर कर दिया गया है। प्रकरण की गहनता से जाँच के लिए बॉम्ब डिटेक्शन एण्ड डिस्पोजल स्क्वॉड (BDDS),एटीएस(ATS), डॉग स्क्वॉड व फॉरेन्सिक टीमों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए साक्ष्य एकत्रित किए गए हैं।साक्ष्यों को जाँच हेतु लैब भेजा गया है।

आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर प्रथम दृष्ट्या विस्फोट घर के अन्दर से ही होना प्रतीत हुआ है, घर में रखा गैस सिलेण्डर सुरक्षित है,उसमे किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई है। स्थानीय पुलिस/डॉयल 112 को उपरोक्त घटना के सम्बन्ध में किसी प्रकार की कोई सूचना नहीं दी गई थी। घायलों द्वारा जाँच में किसी प्रकार का कोई सहयोग नहीं दिया जा रहा है। उपरोक्त प्रकरण में कोतवाली फर्रुखाबाद पर उ0नि0 इमरान फरीद की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 56/2026 धारा 288/131/125(A)/125(B)बीएनएस, 3/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 व 07 आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम 1932 बनाम अभिनाष उर्फ विक्की आदि 06 पंजीकृत किया गया है। लैब की रिपोर्ट आने के पश्चात तथ्यों के आधार पर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। वर्तमान में मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

उत्तर प्रदेश
112
आपात सेवाएं

# फतेहगढ़ पुलिस

#ऑपरेशन मुस्कान

## थाना अमृतपुर पुलिस द्वारा 03 वर्षीय गुमशुदा बालिका को 01 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर परिवारीजनों को सुपुर्द किया गया।

थाना अमृतपुर

आवेदक निवासी कस्बा व थाना अमृतपुर थाना अमृतपुर द्वारा अपनी 03 वर्षीय बालिका के खेलते हुए कहीं चले जाने के सम्बन्ध में थाना अमृतपुर पर सूचना दी गयी थी, प्राप्त सूचना पर थाना अमृतपुर पुलिस द्वारा तत्काल टीम गठित कर ऑपरेशन मुस्कान के तहत त्वरित कार्यवाही करते हुए वादी की पुत्री को सूचना प्राप्त होने के 01 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनों व आमजनमानस द्वारा फतेहगढ़ पुलिस की तत्परता की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।